**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री मुकुल यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-13 का उत्तर**

**....................................**

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 13 | (क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा शिक्षा) बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा में भर्ती/दुर्घटना के समय हुई मृत्यु के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु पार्थिव शरीर को इटावा जिला अस्पताल पोस्टमार्टम हाउस में भेजा जाता है जिससे मृतक के परिवारजनों को कठिनाईओं का सामना करना पडता है? | वर्तमान में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा में भर्ती/दुर्घटना के समय हुई मृत्यु के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु पार्थिव शरीर को जिला अस्पताल इटावा भेजा जाता है। |
| | (ख) क्या उपरोक्त समस्या को देखते हुए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा में ही पोस्टमार्टम हाउस स्थापित करायेंगे? | जी हॉ। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा में पोस्टमार्टम हाउस का कार्य निर्माणाधीन है। |
| | (ग) यदि हॉ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |
| | (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री